प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

27 जनवरी 2025

**भारतीय रिज़र्व बैंक ने चलनिधि स्थिति को प्रबंधित करने के उपायों की घोषणा की**

वर्तमान चलनिधि और वित्तीय स्थितियों की समीक्षा के बाद, भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में चलनिधि बढ़ाने के लिए निम्नलिखित परिचालन आयोजित करने का निर्णय लिया है:

i) ₹60,000 करोड़ की कुल राशि के लिए भारत सरकार की प्रतिभूतियों की ओएमओ खरीद नीलामी तीन चरणों में ₹20,000 करोड़ प्रत्येक चरण में 30 जनवरी 2025, 13 फरवरी 2025 और 20 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी।

ii) 7 फरवरी 2025 को ₹50,000 करोड़ की अधिसूचित राशि के लिए 56-दिवसीय परिवर्ती दर रेपो (वीआरआर) नीलामी आयोजित की जाएगी।

iii) 31 जनवरी 2025 को छह माह की अवधि के लिए 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की यूएसडी/आईएनआर खरीद/बिक्री स्वैप नीलामी आयोजित की जाएगी।

2. प्रत्येक परिचालन के लिए विस्तृत अनुदेश अलग से जारी किए जाएंगे।

3. रिज़र्व बैंक उभरती चलनिधि और बाज़ार स्थितियों पर निगरानी रखना जारी रखेगा तथा व्यवस्थित चलनिधि स्थिति सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करेगा।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2013**